# पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम्, लखनऊ (उ0प्र0)

## संक्षिप्त परिचय

बालिकाओं को उच्च शिक्षा सुलभ कराने के उद्देश्य से स्थापित यह महाविद्यालय प्रदेश की राजधानी का प्रथम महिला राजकीय महाविद्यालय है। इसकी स्थापना का श्रेय तत्कालीन सांसद माननीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी को है जिन्होंने इस महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु सांसद निधि से 25 लाख रूपये प्रदान करते हुये 13 अप्रैल 1997 को इसकी आधारशिला रखी। उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ द्वारा निर्मित महाविद्यालय भवन में कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय संचालित है। कला संकाय में स्नातक स्तर पर वर्ष 1997–98 से प्रथम शिक्षण सत्र एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर पर प्रथम शिक्षण सत्र 2003–2004 में प्रारम्भ हुआ। बी0.एस.सी. प्रथम वर्ष में शिक्षण कार्य सत्र 2006–2007 से प्रारम्भ हुआ।

स्नातकोत्तर स्तर पर गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास एवं अर्थशास्त्र सत्र 2009–10 से संचालित हैं। स्नातकोत्तर स्तर पर अंग्रेजी, सत्र 2018–19, एम0एस–सी0 रसायन विज्ञान सत्र 2021–22 से संचालित हैं। सम्प्रति महाविद्यालय मे कला ,वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर लगभग 1600 छात्रायें अध्ययनरत है।

महाविद्यालय में रूसा के अर्न्तगत लाइब्रेरी आटोमेशन, 05 स्मार्ट क्लास रूम, 01 छात्रा कम्प्यूटर लैब स्थापित है जिसका लाभ छात्राओं को मिल रहा है।

महाविद्यालय में जुलाई 2007 से उ0प्र0 राजर्षि टन्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का अध्ययन केन्द्र स्थापित हुआ जिसके अन्तर्गत बी0ए0/बी0काम0/बी0एस0सी0, एम0ए0/एम0काम0/एम0एस0सी0 के अतिरिक्त वित्तीय प्रबन्धन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDFM), स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण में डिप्लोमा (DHEN), आहार एवं पोषण में डिप्लोमा (DRD) एवं फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा (DFD), ग्रेजुएट डिप्लोमा इन योगा (PGDYO), पाठ्यक्रम संचालित है। जिसमें प्रत्येक वर्ष जनवरी एवं जुलाई में दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा के अन्तर्गत प्रवेश होता है।

## Vision

Pt. Deen Dayal Upadhyay Govt. Girls Post Graduate College Rajajipuram, Lucknow strives through sustained efforts to provide need based and skill oriented quality of higher education to women of all section of society for their overall personality development and inculcating moral values among them.

## Mission

- To achieve excellence in teaching, learning and research,
- To provide a high quality, accessible, enriching education that prepares students for successful carriers, post graduate education and lifelong learning in a multicultural, global and technological society ,
- Fostering and encouraging innovation and creativity,
- Communicate effectively in speech and writing,
- Think logically, analytically and creatively,
- Demonstrate mastery of an academic discipline,
- Integrate moral values into their lives and create an atmosphere of mutual respect,
- Engage in the lifelong search for truth, beauty and justice,
- Create interest among the students for ecology and environment, and
- Share talent and gifts in the spirit of friendship and compassion.
- Create awareness among the students for ecology and environment.

# उपलब्ध पाठ्यक्रम

## लखनऊ विश्वविद्यालय

## स्नातक

नवीन शिक्षा नीति के अनुसार आठ सेमेस्टर में विभाजित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में निम्नलिखित पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं जिसमें प्रत्येक वर्ष एक को–कैरिकुलर विषय एक व्यवसायिक पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र का चयन करना अनिवार्य है।

## कला स्नातक

कला संकाय के अन्तर्गत स्नातक उपाधि हेतु छात्राओ को निम्नलिखित में से निर्धारित प्रतिबन्धों के साथ तीन विषयों को चुनने का विकल्प होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अंग्रेजी | 4. अर्थशास्त्र | 7. इतिहास | 10. मानव विज्ञान |
| 2. हिन्दी | 5. राजनीतिशास्त्र | 8. समाजशास्त्र | 11. शारीरिक शिक्षा |
| 3. संस्कृत | 6. मनोविज्ञान | 9. गृहविज्ञान | |

,

नोटः– विषय प्रतिबन्ध निम्नवत है–

1. अंग्रेजी/संस्कृत में (कोई एक विषय का चयन करना है)
2. हिन्दी/समाजशास्त्र/मानवशास्त्र (कोई एक विषय का चयन करना है)
3. गृह विज्ञान/शारीरिक शिक्षा (कोई एक विषय का चयन करना है)
4. मेजर/माइनर विषय का चयन सीट की उपलब्धता एवं उनकी रूचि के अनुसार प्रदान किया जायेगा।
5. मेजर दो विषय 3 वर्ष तक पढ़े जायेंगे और माइनर विषय 2 वर्ष तक ही पढ़ना है।
6. मेजर/माइनर विषय का एक बार आबंटन हो जाने पर उसमें किसी भी दशा में परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

## वाणिज्य स्नातक

वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत स्नातक उपाधि हेतु अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। B.Com प्रथम, एवं द्वितीय वर्ष में सभी प्रश्न पत्र अनिवार्य है। NEP 2020 के अन्तर्गत बी0 काम तृतीय वर्ष में पाचवॉ प्रश्नपत्र में वैकल्पिक प्रश्नपत्र की सुविधा प्राप्त है।

## विज्ञान स्नातक

**बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्षः–**

**जीव विज्ञान वर्गः–** **(1)** जन्तु विज्ञान **(**zoology) (2) वनस्पति विज्ञान (Botany) (3) रसायन विज्ञान (Chemistry)

**गणित :–** **(1)** भौतिक विज्ञान (Physics) (2) रसायन विज्ञान (Chemistry) (3) गणित (Mathematics)

**नोट :** विषयों का चयन महाविद्यालय कतिपय प्रतिबन्धों के अधीन करना होगा। दो विषय 'मेजर' एवं एक विषय 'माइनर' विषय के रूप में चयन करना होगा। Vocational/Co-Curricular कोर्स का चयन छात्रायें विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार करेंगी।

## परास्नातक

## विज्ञान संकाय

एम0एस–सी0 रसायन विज्ञान

## परास्नातक कला संकाय

(1) गृह विज्ञान (2) समाजशास्त्र (3) अर्थशास्त्र (4) मध्य युगीन एवं आधुनिक भारतीय इतिहास (5) अंग्रेजी

## प्रवेश प्रक्रिया

महाविद्यालय का शैक्षणिक सत्र जुलाई से प्रारम्भ होता है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन है। महाविद्यालय में प्रवेश पूर्णतः छात्राओं की अर्जित योग्यता के वरीयता क्रम, उ0प्र0 शासन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित नियमों के अनुरूप होता है । इस हेतु सर्वप्रथम छात्राओं को LURN पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा।

## प्रवेश आवेदन पत्र के हार्डकापी के साथ वांछित प्रमाण पत्र

**बी.ए./बी.काम/बी.एस.सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश की इच्छुक छात्राओं को आनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्र संलग्न करने होंगे:–**

1. हाई स्कूल/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र की सत्यापित छायाप्रति ।
2. 10+2/इन्टरमीडिएट परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र की सत्यापित छायाप्रति ।
3. अंतिम शिक्षण संस्था के प्राचार्य द्वारा प्रदत्त **चरित्र प्रमाण–पत्र** मूल रूप में एवं **टी0सी0**/प्रवजन प्रमाण पत्र की छाया प्रति ।
4. व्यक्तिगत (प्राइवेट) रूप से उत्तीर्ण प्रवेशार्थी को **केन्द्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति** एवं किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र तथा संस्थागत छात्रा के रूप में जिस कक्षा तक अध्ययन किया गया हो की टीसी एवं चरित्र प्रमाण पत्र की मूल एवं सत्यापित प्रति ।
5. **ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व वर्षों के अध्ययन में व्यवधान (गैप) रहा हो, किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र एवं नोटरी के माध्यम से इस आशय का शपथ पत्र (हलफनामा) भी प्रस्तुत करना होगा कि उसने विगत वर्षों में कही भी संस्थागत छात्रा के रूप में अध्ययन नही किया है ।**
6. आरक्षण या भारिता के लाभ के इच्छुक प्रवेशार्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. स्नातकोत्तर में प्रवेश हेतु बी.ए. परीक्षा की अंकतालिका की सत्यापित प्रतिलिपि (तीनो वर्षों की)।
8. एम0एस–सी0 रसायन विज्ञान प्रवेश हेतु बी0एस–सी0 परीक्षा की अंकतालिका की सत्यापित प्रतिलिपि (तीनो वर्षों की)।
9. आधार प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि।
10. पासपोर्ट आकार के चार नवीनतम फोटो।
11. प्रवेश आवेदन पत्र अभिभावक/संरक्षक द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिये अन्यथा अभ्यर्थी के प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा।

**12.** प्रमाणित पते की सत्य प्रतिलिपि (मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति)

**13.** मोबाइल नं0 स्वयं छात्रा का या माता–पिता का भरें यह भी ध्यान रखे कि जो भी मो0 नं0 भरे वह कोर्स तक संचालित रहे।

**14.** प्रवेश में अनु0 जाति को 21 प्रतिशत अनु0 जनजाति को 2 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देय है। सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र के आधार पर सामान्य वर्ग की आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) छात्राओं को 10 प्रतिशत आरक्षण देय है। इसके अतिरिक्त, क्षैतिज आधार पर दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को 2 प्रतिशत आरक्षण देय है।

**15.** LURN में पंजीकृत होना चाहिए। प्रमाण–पत्र संलग्न करें।

## महाविद्यालय में प्रवेश सम्बन्धी नियम

### स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम

किसी भी प्रवेशार्थी (जो प्रवेश संबन्धी न्यूनतम अर्हता रखता है) को निम्नलिखित नियमों के अन्तर्गत प्रवेश अनुमान्य होगा:–

1. बी.ए./बी.काम. प्रथम वर्ष मे प्रवेश आवेदन हेतु इन्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम प्राप्तांक 40 प्रतिशत एवं बी.एस. सी. हेतु 40 प्रतिशत होना अनिवार्य है। जबकि अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए अंक 33 प्रतिशत अंक अपेक्षित है।
2. प्रवेशार्थी को प्राचार्य द्वारा गठित प्रवेश समिति की संस्तुति पर ही प्रवेश दिया जायेगा । प्रवेश पूर्णतः मेरिट के आधार पर ही संस्तुत किया जायेगा ।
3. निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. प्रवेश समिति द्वारा योग्यता सूचियाँ नियमित अन्तराल पर महाविद्यालय सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जायेंगी जिनमें प्रवेशार्थी हेतु साक्षात्कार की तिथि व प्रवेश सम्बन्धी अन्य सूचनायें भी अंकित होंगी।
5. ऐसे प्रवेशार्थी जिन्हें इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण किये हुये एक वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है, उन्हें प्रवेश हेतु अन्य शर्तें सामान्य होने की दशा मे उनके कुल प्राप्तांक में से 5 अंक प्रतिवर्ष कटौती करते हुये योग्यता सूची में स्थान दिया जायेगा। किन्तु तीन वर्ष से अधिक अन्तराल वाले प्रवेशार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
6. छात्रा को प्रवेश हेतु साक्षात्कार समिति के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य है। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को अपने साथ समस्त मूल प्रमाण–पत्र/अंक पत्रों एवं अन्य प्रलेखों को मूल रूप में लाना अनिवार्य है। इनके प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में प्रवेश संस्तुत नहीं किया जायेगा।
7. वाणिज्य विषय में प्रवेश हेतु वाणिज्य विषय से इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या इन्टरमीडिएट में गणित अथवा अर्थशास्त्र विषय पर ही बी.काम. प्रथम वर्ष में प्रवेश पर विचार किया जा सकेगा।
8. यदि कोई छात्रा प्रवेश हेतु साक्षात्कार के दिन अनुपस्थित रहती है अथवा प्रवेश संबंधी औपचारिकतायें निर्धारित तिथि तक पूर्ण नहीं कर पाती है तो उस दशा में उसकी प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा उसके स्थान पर योग्यता क्रम (Merit ) में आने वाली अगली छात्रा के प्रवेश पर विचार कर लिया जायेगा।
9. बी.ए./बी.काम/बी.एस. सी. प्रथम वर्ष की छात्राओ को प्रवेश संस्तुति हो जाने की दशा में तत्काल निर्धारित

शुल्क जमा करना अनिवार्य है अन्यथा प्रवेशाधिकार निरस्त माना जायेगा ।

10. विश्वविद्यालय परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त करने से पूर्व छात्रा को अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

11. एक से अधिक पाठ्यक्रम में आवेदन करने की इच्छुक छात्राएं उनमें पृथक–पृथक आवेदन फार्म भरें।

12. विश्वविद्यालय परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म (Online) भरा जाता है परीक्षा फार्म भरने की तिथि की जानकारी कर परीक्षा फार्म भरना प्रत्येक छात्रा का स्वयं का दायित्व है। निर्धारित तिथि समाप्त होने पर परीक्षा फार्म भरना सम्भव नहीं होगा।

## स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश संबन्धी नियमः–

किसी भी प्रवेशार्थी (जो प्रवेश संबन्धी न्यूनतम अहर्ता रखता है) को निम्नलिखित नियमों के अन्तर्गत प्रवेश अनुमन्य होगाः–

1. स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का स्नातक **कक्षा में कम से कम 45 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है** परन्तु **अनुसूचित जाति, जनजाति के अभ्यार्थियों के लिये 40 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना** अनिवार्य है। अन्य विषय की छात्राओं को एम0ए0 में प्रवेश हेतु स्नातक में 50 प्रतिशत अंक होना चाहिए।

2. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश स्नातक कक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर योग्यता क्रम में प्रदान किया जायेगा ।

3. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु निर्धारित **सीटों की 80 प्रतिशत सीटें उन अभ्यर्थियों द्वारा भरी जायेंगी जिन्होंने स्नातक परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है। शेष 20 प्रतिशत** सीटें सम्मिलित अभ्यर्थियों से स्नातक कक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर योग्यता क्रम में भरी जायेंगी ।

4. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के स्नातक परीक्षा में समान प्राप्तांक होने की दशा में स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में चयनित विषय (एम.ए. प्रथम वर्ष ) में प्राप्तांको के आधार पर योग्यता क्रम निर्धारित किया जायेगा ।

5. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु विषय का चयन बी.ए. तृतीय वर्ष में चयनित विषयों में से ही किया जा सकेगा । परन्तु स्नातक परीक्षा में 55 प्रतिशत या इससे अधिक प्राप्तांक होने की दशा में यह प्रतिबन्ध शिथिलनीय है। लेकिन ऐसे अभ्यर्थियों का प्रवेश **कुल सीटों के 10 प्रतिशत की सीमा तक ही किया जा सकेगा । अभ्यर्थी द्वारा जिस वि**षय में प्रवेश लेना है उस विषय का स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययन न किये जाने की स्थिति में स्नातक शिक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की हो।

6. कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त नहीं कर अध्ययन नही कर सकेगा।

7. यदि किसी अभ्यर्थी ने **स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो तो उसे अन्य किसी विषय में स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश प्रदान** नहीं किया जायेगा।

8. यदि कोई अभ्यर्थी स्नातकोत्तर कक्षा में एक से अधिक विषयों में प्रवेश हेतु आवेदन करना चाहता है तो उसे प्रत्येक विषय के लिए पृथक से आनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

9. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु नियमानुसार आरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा ।

10. जिन अभ्यर्थियों का बी0ए0 परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात **तीन वर्ष से अधिक का व्यवधान /अन्तराल हो, वे एम.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अर्ह नहीं होंगे ।** एक वर्ष का अन्तराल होने पर प्राप्तांक में से 5 अंक कम सीटों की उपलब्धता के आधार पर कम किया जा सकता है।

11. प्रवेश निरस्त का अधिकार महाविद्यालय की प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा।

**12.** प्रवेश संस्तुत हो जाने की दशा में तत्काल निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा प्रवेशाधिकार निरस्त माना जायेगा ।

**13.** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर स्तर पर परीक्षा सेमेस्टर सिस्टम की व्यवस्था के अन्तर्गत कराई जाती है, प्रत्येक सेमेस्टर के लिये पृथक से परीक्षा आवेदन पत्र व प्रवेश आवेदन पत्र भरने होंगे।

**14.** विश्वविद्यालय परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त करने से पूर्व छात्रा को अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

## ऐसे प्रवेशार्थी को प्रवेश देना संभव नही होगा:–

1. जो गत वर्ष किसी विश्वविद्यालय की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो चुकी हो।
2. जो अनुसूचित साधन के प्रयोग की दोषी पाई गई हो।
3. जो गत वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने से रोक दी गई हो।
4. जो किसी अपराधिक मामले में सजा पा चुकी हो अथवा जिस पर कोई अभियोग चल रहा हो या जिसका आचरण संदिग्ध हो।
5. जिसने इन्टरमीडिएट की परीक्षा दो से अधिक प्रयासों में उत्तीर्ण की हो ।
6. जिन्हें इन्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण किये हुये तीन वर्ष से अधिक का समय हो गया हो।
7. अनियमित रूप से प्रवेश प्राप्त कर लेने पर अथवा प्रवेश सम्बन्धी कोई भी सूचना असत्य पाये जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
8. किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश देने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा ।
9. कक्षायें आरम्भ होने के एक सप्ताह के अन्दर छात्रा को विषय की शुल्क रसीद/बैंक जमा पर्ची दिखाकर विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसका प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

## छात्रवृत्ति सम्बन्धी आवश्यक निर्देश :–

1. छात्रवृत्ति समय समय पर प्रसारित शासनादेशों में विहित नियमों के अन्तर्गत प्रदान की जाती है।
2. महाविद्यालय में छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 के दिशा निर्देशों के आधार पर जुलाई से ऑनलाइन भरे जाते है। छात्राएँ समाज कल्याण विभाग की साइट Scholership.up.nic.in पर दिशा निर्देशों प्राप्त कर सकती है और महाविद्यालय द्वारा भी सूचना दे दी जायेगी। छात्रवृत्ति आवेदन हेतु निम्नलिखित प्रमाण पत्र आवश्यक है। आय/जाति प्रमाण–पत्र नवीनतम होने चाहिए।

(1) हाईस्कूल का प्रमाण–पत्र (2) इण्टर की मार्कशीट (3) निवास प्रमाण–पत्र (4) जाति प्रमाण–पत्र
(5) आय प्रमाण–पत्र (6) आधार प्रमाण–पत्र

# प्रवेश हेतु महत्वपूर्ण तिथियां

## 17. स्नातक (सभी संकाय) प्रथम वर्ष हेतु:–

1. **प्रवेश आवेदन पत्र आनलाइन भरने की तिथि**
   **21.04.2025 से 15.05.2025**

2. **आनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र हार्डकापी जमा करने की अन्तिम तिथि–**

पूर्ण रूप से भरे हुए आनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म हार्डकापी की 03 प्रतियां अपने पास सुरक्षित रखें महाविद्यालय में मेरिट की सूचना आपके आनलाइन फार्म में भरे मो0 नं0 अंकित मे भेजी जायेगी। प्रवेश के समय 02 प्रतियों में संलग्नों सहित जमा करना होगा।

नोट:– उ0प्र0 शासन/लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार उपरोक्त तिथियां परिवर्तनीय है।

**महाविद्यालय मे छात्राओ के बहुमुखी विकास हेतु निम्नलिखित गतिविधियाँ एवं सुविधायें उपलब्ध है:–**

## शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ एवं छात्रा कल्याण योजनायें

**छात्रा, अभिवावक, शिक्षक बैठक** :– प्रवेशित छात्राओं हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को प्रातः 11:00 बजे से छात्रा अभिवावक, शिक्षक बैठक आयोजित की जायेगी जिसमें प्रत्येक छात्रा का अभिवावक के साथ भाग लेना होगा।

**राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)**:– महाविद्यालय में 55 छात्राओं के लिए एन.सी.सी. के एक इकाई की मान्यता है।

**राष्ट्रीय सेवा योजना**:– महाविद्यालय में 100–100 स्वंयसेवी छात्राओं की दो इकाइयां राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारियों के निर्देशन में संचालित है। जिसमें चयन छात्रा की योग्यता पर आधारित होगा। नियत दैनिक कार्य दिवसों के अतिरिक्त एक सात दिवसीय विशेष शिविर भी आयोजित किया जाता है।

**क्रीडा**:–महाविद्यालय में क्रीड़ा की उत्तम व्यवस्था है। महाविद्यालय में प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगितायें आयोजित की जाती है, जिनमें छात्रायें अपनी अभिरूचि एवं प्रतिभा के अनुसार प्रतिभाग करती है।

**रेंजर्स योजना**:–महाविद्यालय की छात्राओं की रेंजर्स सम्बन्धी विभिन्न क्रियाकलापो में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिये रेंजर्स इकाई की स्थापना है।

**विभागीय परिषद** :–महाविद्यालय में प्रत्येक शैक्षिक विषय की एक विभागीय परिषद विषय प्रभारी की अध्यक्षता मे गठित की जाती है जिसमें छात्राओं की प्रतिभागिता होती है प्रत्येक परिषद शैक्षणिक सत्र मे छात्राओं के बौद्दिक शैक्षणिक विकास हेतु निबन्ध, वाद–विवाद, वस्तुनिष्ठ परीक्षण, क्विज, चार्ट, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है।

**महाविद्यालय पत्रिका** :– छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के उददेश्य से महाविद्यालय द्वारा दो वर्ष में संयुक्तांक **'अभिव्यक्ति'** पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है।

**छात्रवृत्तियां** :– अनुसूचित जाति /जनजाति/पिछडे वर्ग, निर्धन सामान्य वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, विकलांग छात्राओं के लिये समाज कल्याण राज्य एवं केन्द्र सरकार की ओर से तथा दूसरे स्रोतों से विभिन्न छात्रवृत्तियों की व्यवस्था है, जिनकी सूचना छात्राओं को समय–समय पर सूचना पटट् के माध्यम से प्राप्त होंगी।

**पुस्तकालय एवं वाचनालय** :–महाविद्यालय में पुस्तकालय एवं वाचनालय की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। पुस्तकालय का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है जहाँ सिर्फ एक क्लिक से पुस्तकालय मे उपलब्ध पुस्तकों पत्रिकाओं एवं जर्नल्स की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। परास्नातक छात्राओ के लिए विभागीय पुस्तकालय की स्थापना की गयी है।

**अनुशासन समिति (प्रॉक्टोरियल बोर्ड)** :– महाविद्यालय मे अनुशासन व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्राचार्य के संरक्षकत्व में अनुशासन समिति/प्रॉक्टोरियल बोर्ड गठित है जो छात्राओं में अनुशासन एवं संस्था के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में उनका भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग लेती है।

**यूनिफार्म** :– छात्राओं में एकरूपता स्थापित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा यूनिफार्म के रूप में आसमानी चेक का गोल गले का पूरी आस्तीन का कुर्ता, सफेद दुपट्टा, (सूती वायल), सफेद सलवार (चूड़ीदार वर्जित), काला स्वेटर (शीत काल), केनवास के काले जूते निर्धारित किया गया है। कक्षायें प्रारम्भ होने के प्रथम दिवस से ही छात्राओं को निर्धारित यूनीफार्म में आना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा
## निर्धारित सीटों का विवरण

| | |
|---|---|
| **बी0ए0 प्रथम वर्ष** | **430** |
| **बी0काम0 प्रथम वर्ष** | **100** |
| **बी0एससी0 (ZBC ) प्रथम वर्ष** | **40** |
| **बी0एससी0 (PCM ) प्रथम वर्ष** | **40** |
| **एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर गृह विज्ञान** | **20** |
| **एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर समाजशास्त्र** | **60** |
| **एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर अर्थशास्त्र** | **60** |
| **एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर इतिहास** | **60** |
| **एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर अंग्रेजी** | **50** |
| **एम0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर रसायन विज्ञान** | **30** |

## शुल्क विवरण

### वार्षिक शुल्क तालिका

| | |
|---|---|
| बी0ए0 प्रथम वर्ष | 5500 |
| बी0काम0 प्रथम वर्ष | 6210 |
| बी0एससी0 (ZBC) प्रथम वर्ष | 7080 |
| बी0एससी0 (PCM) प्रथम वर्ष | 6790 |
| एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर गृह विज्ञान | 6107 |
| लखनऊ विश्वविद्यालय से भिन्न छात्राओं हेतु | 7107 |
| एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर समाजशास्त्र | 5767 |
| लखनऊ विश्वविद्यालय से भिन्न छात्राओं हेतु | 6767 |
| एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर अर्थशास्त्र | 5767 |
| लखनऊ विश्वविद्यालय से भिन्न छात्राओं हेतु | 6767 |
| एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर इतिहास | 5767 |
| लखनऊ विश्वविद्यालय से भिन्न छात्राओं हेतु | 6767 |
| एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर अंग्रेजी | 5767 |
| लखनऊ विश्वविद्यालय से भिन्न छात्राओं हेतु | 6767 |
| एम0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर रसायन विज्ञान | 7107 |
| लखनऊ विश्वविद्यालय से भिन्न छात्राओं हेतु | 8107 |

**नोट :– उत्तर प्रदेश/लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जायेगा। शासन /विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क वृद्धि किये जाने की स्थिति में छात्रा को बढ़ा हुआ शुल्क देना होगा। शुल्क सम्बन्धी समस्त सूचनाएं सुचना**

पट पर प्रदर्शित की जायेंगी। एक बार शुल्क जमा हो जाने के पश्चात न तो वापस किया जायेगा और न ही अन्यत्र स्थानान्तरित किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक बैंक में पूरा शुल्क जमा करना होगा अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जायेगा।

# प्रवेश हेतु महत्वपूर्ण तिथियां

## 17. स्नातक (सभी संकाय) प्रथम वर्ष हेतु

**प्रवेश आवेदन पत्र आनलाइन भरने की तिथि**

★ 21 April 2025 से 15 May 2025 तक ★

## 18. स्नातक (सभी संकाय) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष हेतु

★ **लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा परिणाम घोषित** होने के 07 दिन **पश्चात** ★

## 19. स्नातक प्रथम वर्ष (सभी संकाय) Merit List सूचना

★ 16 May 2025 ★

## पट्ट/वेबसाईट पर देखने की तिथि

★ 17 May 2025 ★

★ महाविद्यालय की वेबसाइट तथा **www.ggpgcrajajipuram.com** सूचनापट देखें। ★

## 20. स्नातक/ परास्नातक (सभी संकाय) Counseling तिथि

★ Merit List **घोषित** होने के पश्चात ★

**छात्रायें महाविद्यालय की** वेबसाइट **www.ggpgcrajajipuram.com** →

**Fill Online Admission Form** पर फीस जमाकर आवेदन फार्म भर सकती है।

प्रवेश सम्बन्धी समस्त सूचनाएं तथा परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने पर तिथि बढ़ाई जा सकती है। जिसके लिए महाविद्यालय की वेबसाइट **www.ggpgcrajajipuram.com** तथा सूचनापट देखें।